# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2026-27)
## हिंदी (पाठ्यक्रम-अ) विषय कोड (002)
## कक्षा-दसवीं

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है - क, ख, ग और घ |
- खंड - क में अपठित बोध पर आधारित कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है |
- खंड - ख में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड -ग में पाठ्य पुस्तक और पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 21 है | प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं |
- खंड - घ में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 4 प्रश्न हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |
- यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - क**<br>**( अपठित बोध )** | 14 |
| 1 | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>“एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए”- यह शब्द नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रमा पर कदम रखते हुए कहे थे | आज वही भावना भारतवासियों के मन में तब जगी जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा | यह क्षण केवल भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह देश की अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान, आत्मनिर्भरता और युवाओं की प्रेरणा के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है | अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने और नई तकनीकों का विकास करने के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है | | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | 27 जून 2025 को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होने के बाद, शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने 18 दिन आईएसएस पर बिताए। इस दौरान, उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में 20 से अधिक विविध प्रयोग किए \|<br>भारत ने अंतरिक्ष की यात्रा 1969 में इसरो की स्थापना से शुरू की थी \| 1984 में राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्षयान के जरिए अंतरिक्ष में गए \| राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला दूसरे भारतीय बने जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ता है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में भारत की बढ़ती साख को मजबूत करती है । अब 2025 में शुभांशु शुक्ला का आईएसएस पर पहुँचना इस बात का संकेत है कि भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है और यह भारत के हर युवा, वैज्ञानिक और नागरिक की उम्मीदों की उड़ान है \| इस मिशन ने देश के लाखों बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना जगाई है \|<br><br>स्रोत - विज्ञान प्रगति (मासिक पत्रिका) | |
| (I) | उपर्युक्त गद्यांश में किस विषय पर चर्चा की गई है?<br>(A) नील आर्मस्ट्रांग के चंद्रमा पर कदम रखने पर<br>(B) भारत के स्वर्णिम अंतरिक्ष अध्याय पर<br>(C) अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने पर<br>(D) शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम पर | 1 |
| (II) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :<br>कथन : "एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए \|"<br>कारण : यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और मानव अन्वेषण के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है \|<br>विकल्प -<br>(A)कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है \|<br>(B)कथन और कारण दोनों ग़लत हैं \|<br>(C)कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है\|<br>(D)कथन और कारण दोनों सही हैं किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है \| | 1 |
| (III) | भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा \| यह क्षण भारत के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण साबित हुआ ? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | सही विकल्प / विकल्पों का चयन कीजिए :<br>(i) आर्थिक आत्मनिर्भरता<br>(ii) युवाओं के लिए प्रेरणा<br>(iii) अंतरिक्ष विज्ञान में नई उपलब्धि<br>(iv) अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान<br><br>विकल्प -<br>(A) कथन (i) और (ii) सही हैं<br>(B) केवल कथन (iii) सही है<br>(C) कथन (i) और (iv) सही हैं<br>(D) कथन (ii), (iii) और (iv) सही हैं | |
| (IV) | 'भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है ।' गद्यांश के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए । | 2 |
| (V) | बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष में कदम रखने से कैसे जागृत हुई ? | 2 |
| 2 | निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :<br><br>ज़िंदगी को<br>वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं,<br>जो भगीरथ नीर की निर्भय शिराएँ मोड़ते हैं ।<br>यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के<br>श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!<br><br>ज़िंदगी को<br>वे गढ़ेंगे जो खदानें खोदते हैं,<br>लौह के सोए असुर को कर्म-रथ में जोतते हैं ।<br>यज्ञ को इस शक्ति श्रम के<br>श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!<br><br>ज़िंदगी को<br>वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं,<br>शूरवीरों के चरण से रक्त-रेखा आँकते हैं ।<br>यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!<br><br>ज़िंदगी को<br>वे गढ़ेंगे जो प्रलय को रोकते हैं,<br>रक्त से रंजित धरा पर शांति का पथ खोजते हैं \|<br>यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के<br>श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!<br><br>मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा \|<br>ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा।<br><br>- केदारनाथ अग्रवाल (जो शिलाएँ तोड़ते हैं) | |
| (I) | प्रस्तुत कविता का मुख्य भाव है :<br><br>(A) शूरवीरों के साहस की सराहना<br>(B) नौजवानों की ताकत का सम्मान<br>(C) किसानों और मजदूरों की प्रशंसा<br>(D) मेहनती और दृढ़-निश्चयी लोगों का गुणगान | 1 |
| (II) | मैं नए विचारों से प्रेरित इंसान हूँ । श्रम और मानवता से समाज के निर्माण में सहयोग दूँगा \|<br>यह भाव कविता की किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है ?<br>विकल्प :<br>(A) ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा<br>(B) मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा<br>(C) ज़िंदगी को वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं<br>(D) ज़िंदगी को वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं | 1 |
| (III) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :<br>कथन - जो लोग कठिनाइयों और बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे अपने जीवन और समाज को गढ़ने वाले होते हैं।<br>कारण - इतिहास गवाह है कि हमारे महापुरुषों ने मेहनत, धैर्य और संघर्ष के आधार पर सुंदर समाज का निर्माण किया \|<br><br>विकल्प : | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (A)कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है \|<br>(B)कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं \|<br>(C)कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है\|<br>(D)कथन और कारण दोनों सही हैं किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है \| | |
| (IV) | मानव जीवन का श्रेष्ठतम यज्ञ कवि ने किसे माना है और क्यों? | 2 |
| (V) | यह कविता साहस और संघर्ष का प्रतीक है - कैसे ? कविता से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए \| | 2 |
| | **खंड - ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (I) | चैत आया और टेसू के फूल दहकने लगे।<br>(सरल वाक्य में बदलकर लिखिए) | |
| (II) | उसके पास घड़ी तो थी, किन्तु ठीक नहीं थी।<br>(मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए) | |
| (III) | जब बाबू जी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे रहते \|<br>(संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए) | |
| (IV) | घर में पतोहू रो रही है, जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं\|<br>(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) | |
| (V) | <u>जब बाबू जी हमारी ओर देखते</u>, तब हम कुछ लजाकर और मुस्कुराकर आइना नीचे रख देते \|<br>(रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए) | |
| 4 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (I) | लेखिका के पिताजी रसोई को भटियारखाना कहते थे \|<br>(कर्मवाच्य में बदलकर लिखिए) | |
| (II) | बालगोबिन भगत द्वारा पतोहू को मायके भेज दिया गया \|<br>(कर्तृवाच्य में बदलकर लिखिए) | |
| (III) | चोट लगने के कारण वह चल नहीं पाया \|<br>(भाववाच्य में बदलकर लिखिए) | |
| (IV) | बच्चों द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाया गया \|<br>(वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) | |
| (V) | आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं \| | |

| | | |
|---|---|---|
| | (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) | |
| 5 | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : | 4x1=4 |
| (I) | आज भी भारत में अनेक <u>अभिमन्यु</u> हैं \| | |
| (II) | <u>यह</u> पुस्तक मेरी बड़ी बहन ने लिखी है \| | |
| (III) | उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने <u>देखा था।</u> | |
| (IV) | वर्षा के बाद <u>धीरे-धीरे</u> हरियाली बढ़ने लगी। | |
| (V) | <u>वाह</u> ! भारत ने महिला क्रिकेट विश्व कप जीत लिया \| | |
| 6 | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (I) | खड़-खड़ करताल बजा, <u>नाच रही बेसुध हवा</u> \|<br>( रेखांकित काव्य पंक्ति में अलंकार पहचान कर लिखिए ) | |
| (II) | सुख <u>स्वर्ग-सा</u> जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?<br>( रेखांकित काव्य पंक्ति में अलंकार पहचान कर लिखिए ) | |
| (III) | <u>भूप सहस दस एकहिं बारा \| लगे उठावन टरत न टारा</u> \|\|<br>( रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए ) | |
| (IV) | रूपक अलंकार का एक उदाहरण उपयुक्त काव्य पंक्ति द्वारा लिखिए। | |
| (V) | उत्प्रेक्षा अलंकार का एक उदाहरण उपयुक्त काव्य पंक्ति द्वारा लिखिए। | |
| | **खंड - ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | 30 |
| 7 | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है \| जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता \| एक आधुनिक उदाहरण लें \| न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया \| वह संस्कृत मानव था \| आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा \| ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सके; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते \| | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| (I) | संस्कृत व्यक्ति की संतान को लेखक ने किसकी संज्ञा दी है?<br><br>(A) सुसंस्कृत मानव<br>(B) सभ्य मानव<br>(C) सुयोग्य मानव<br>(D) समृद्ध मानव | |
| (II) | लेखक के अनुसार प्रस्तुत गद्यांश में एक 'संस्कृत' व्यक्ति कौन है?<br><br>(A) जो संस्कृत विषय का विशेषज्ञ हो<br>(B) जो नयी वस्तुओं का उपयोग करता हो<br>(C) जो अनेक बातों का ज्ञान रखता हो<br>(D) जो किसी नयी चीज़ की खोज करता हो | |
| (III) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :<br>कथन : लेखक ने 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान को 'संस्कृत' नहीं माना है \|<br>कारण : 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान ने किसी नयी चीज़ की खोज नहीं की, बल्कि उसे वह वस्तु अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो गई है \|<br>विकल्प :<br>(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है \|<br>(B) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं \|<br>(C)कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है\|<br>(D) कथन और कारण दोनों सही हैं किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है \| | |
| (IV) | प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन / कौन-से कथन सही हैं?<br>उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -<br>(i) न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने के कारण संस्कृत मानव कहलाए \|<br>(ii)आज भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन के समान संस्कृत कह सकते हैं\|<br>(iii) आज का विद्यार्थी न्यूटन के सिद्धांत के साथ-साथ अन्य बातों का भी ज्ञान रखता है \|<br>(iv) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को अधिक सभ्य नहीं माना जा सकता है \|<br>विकल्प : | |

| | | |
|---|---|---|
| | (A) कथन (i) और (ii) सही हैं<br>(B) केवल कथन (iii) सही है<br>(C) कथन (i) और (iv) सही हैं<br>(D) कथन (i) और (iii) सही हैं | |
| (V) | एक संस्कृत व्यक्ति में आम लोगों से अलग कौन-से गुण होते हैं?<br>उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -<br>(i) नई खोज करना<br>(ii) संस्कृति का सम्मान करना<br>(iii) साहसी और परिश्रमी होना<br>(iv) अपनी बुद्धि, विवेक के बल पर आविष्कार करना<br><br>विकल्प -<br>(A) विकल्प (i) और (iv) सही हैं<br>(B) केवल विकल्प (iii) सही है<br>(C) विकल्प (i) और (ii) सही हैं<br>(D) विकल्प (i), (ii) और (iv) सही हैं | |
| 8 | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30 शब्दों में** लिखिए : | 3x2=6 |
| (I) | 'बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानीवाली' - 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए \| | |
| (II) | लेखिका मन्नू भंडारी को साधारण से असाधारण बनाने में 'शीला अग्रवाल' की भूमिका पर 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर प्रकाश डालिए \| | |
| (III) | कैसे कहा जा सकता है कि बिस्मिल्ला खाँ साहब सच्चे अर्थों में भारत रत्न थे ।<br>'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर लिखिए \| | |
| (IV) | यदि लेखक ने खीरा खा लिया होता तो क्या नवाब साहब भी खीरा खा लेते? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए \| | |
| 9 | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>अट नहीं रही है<br>आभा फागुन की तन<br>सट नहीं रही है। | 5x1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | कहीं साँस लेते हो,<br>घर-घर भर देते हो,<br>उड़ने को नभ में तुम<br>पर-पर कर देते हो,<br>आँख हटाता हूँ तो<br>हट नहीं रही है।<br>पत्तों से लदी डाल<br>कहीं हरी, कहीं लाल,<br>कहीं पड़ी है उर में<br>मंद-गंध-पुष्प-माल,<br>पाट-पाट शोभा-श्री<br>पट नहीं रही है। | |
| (I) | 'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है ?<br>(A) चैत्र माह में आने वाली ग्रीष्म ऋतु का वर्णन<br>(B) चैत्र माह में आने वाली वर्षा ऋतु का वर्णन<br>(C) फागुन माह में आने वाली वसंत ऋतु का वर्णन<br>(D) फागुन माह में आने वाली वर्षा ऋतु का वर्णन | |
| (II) | फागुन माह में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?<br><br>सही विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -<br>(i) नव पल्लवों से युक्त डालियाँ<br>(ii) अनगिनत रंग-बिरंगे सुगंधित पुष्प<br>(iii) प्रकृति का सौंदर्य चरम सीमा पर<br>(iv) आकाश में बादलों का छाना<br>विकल्प -<br>(A) कथन (i) और (ii) सही हैं<br>(B) केवल कथन (iii) सही है<br>(C) कथन (i) और (iv) सही हैं<br>(D) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं | |
| (III) | निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :<br>कथन : आभा फागुन की तन सट नहीं रही है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण : फाल्गुन की सुंदरता इतनी अधिक है कि वह धरती पर समा नहीं पा रही है और चारों ओर बिखरी हुई है \|<br>विकल्प :<br>(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है \|<br>(B) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं \|<br>(C)कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है\|<br>(D) कथन और कारण दोनों सही हैं किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है \| | |
| (IV) | यह कविता कवि के किस प्रेम को दर्शाती है?<br>(A) देश प्रेम<br>(B) प्रकृति प्रेम<br>(C) कला प्रेम<br>(D) मानव प्रेम | |
| (V) | 'आँख हटाता हूँ तो हट नहीं रही है' - कवि किसकी ओर से अपनी आँख हटा नहीं पा रहा है?<br>(A) प्राकृतिक सौंदर्य की ओर से<br>(B) काले बादलों की ओर से<br>(C) ऊँचे पहाड़ों की ओर से<br>(D) हरे-भरे पेड़ों की ओर से | |
| 10 | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग **25-30 शब्दों में** लिखिए : | 3x2=6 |
| (I) | *'सूरदास अब धीर धरहिं क्यौं ? -* इस प्रश्न में निहित गोपियों की व्यथा का चित्रण 'सूरदास के पद' के आधार पर संक्षेप में लिखिए \| | |
| (II) | *"क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?'* 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि 'दूसरों की सुनकर मौन रहना' क्यों श्रेयस्कर मानता है? | |
| (III) | 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे और कवि के बीच का संबंध मुख्यतः संवादहीन है, फिर भी अत्यंत गहन और भावपूर्ण है \| 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए \| | |
| (IV) | *'और यह कि फिर से गाया जा सकता है गाया जा चुका राग'* - यह पंक्ति संगतकार के स्वर में किस भावना और विश्वास को व्यक्त करती है?<br>'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए \| | |
| 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग **50-60 शब्दों में** लिखिए : | 2x4=8 |

| | | |
|---|---|---|
| (I) | 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बच्चों के 'खेती के खेल' से ग्रामीण जीवन की किन सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं का पता चलता है? | |
| (II) | 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के जीवन और उनके योगदान पर लेखिका की टिप्पणी क्या प्रतिबिंबित करती है? | |
| (III) | 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइए कि भीतरी विवशता क्या होती है ? लेखक अज्ञेय ने इसे स्पष्ट करने के लिए किसकी चर्चा की है? | |
| | **खंड - घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | 20 |
| 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर **लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद** लिखिए :<br><br>(i) प्रगति पथ पर अग्रसर भारत<br>• भारत की उपलब्धियाँ<br>• अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान<br>• देश की प्रगति के लिए हमारे कर्तव्य<br>(ii) भारतीय रसोई में बसता है सेहत का खजाना<br>• भारतीय रसोईघर : एक औषधालय<br>• संतुलित एवं संपूर्ण आहार<br>• स्वादिष्ट और सेहतमंद आहार<br>(iii) पाश्चात्य सभ्यता की गिरफ्त में आती युवा पीढ़ी<br>• पाश्चात्य संस्कृति का अर्थ<br>• पाश्चात्य संस्कृति का आकर्षण<br>• मानवीय मूल्यों में बदलाव | 1x6=6 |
| 13 | (A) आप रेवा/रवि हैं \| दैनिक समाचार-पत्रों में विज्ञापनों की भरमार को कम करने और समसामयिक विषयों पर लेखन की आवश्यकता को दर्शाते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को **लगभग 100 शब्दों में पत्र** लिखिए \|<br>**अथवा**<br>(B) आप रेवा/रवि हैं \| आपको माताजी के पत्र से पता चला है कि आपके छोटे भाई का स्वभाव, बोलने का तरीका दिन-प्रतिदिन उग्र होता जा रहा है \| संयमित व्यवहार और मीठी वाणी का महत्व समझाते हुए उसे **लगभग 100 शब्दों में पत्र** लिखिए। | 1x5=5 |
| 14 | (A) आप आभा/अभय हैं \| आपने हिन्दी विषय में एम.ए.किया है \| अ.ब.स. समाचार पत्र में सामग्री लेखक (कंटेंट राइटर) की नौकरी का विज्ञापन जारी हुआ है \| आपको उस पद के लिए आवेदन करना है \| इसके लिए **लगभग 80 शब्दों** में अपना **एक स्ववृत्त लेख** तैयार कीजिए \| | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>(B) आप आभा/अभय हैं \| आपकी कॉलोनी की सड़कें नगर-पालिका द्वारा नई बनवा दी गई हैं \| नगर-पालिका के अध्यक्ष को नई सड़कें बनवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए **लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल** लिखिए \| | |
| 15 | (A) इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है \| इस ओर आम नागरिक को सतर्क और जागरूक करने के लिए एक आकर्षक **विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में** पुलिस विभाग की ओर से तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>(B) अपने विद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या की ओर से आगामी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए **शुभकामना-संदेश लगभग 40 शब्दों में** लिखिए \| | 1x4=4 |